मूल्य 1 रु.
वर्ष: 10 - अंक : 115, मुंबई, शनिवार, 11 जुलाई, 2020 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान

दैनिक
# मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर

# विकास दुबे कानपुरवाला...

## अंतिम संस्कार के साथ भैरवघाट में खाक हो गया 'बिकरू का कुख्यात'




### यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि दरअसल ये कार नहीं पलटी है, राज खुलने से सरकार पलटने से बचाई गयी है

**संवाददाता / कानपुर।** दुर्दांत अपराधी विकास दुबे की शुक्रवार को एसटीएफ के साथ कथित मुठभेड़ में मौत के बाद तीन डॉक्टरों के एक पैनल ने उसके शव का पोस्टमॉर्टम किया। देर शाम दुबे के शव का भैरव घाट स्थित विद्युत शवदाह गृह में अंतिम संस्कार कर दिया गया। एक डॉक्टर ने बताया कि दुबे के पोस्टमॉर्टम की वीडियोग्राफी भी कराई गई है। उन्होंने कहा कि पोस्टमॉर्टम में जो भी सामने आया है, इस बारे में पुलिस को बता दिया गया है। पोस्टमॉर्टम की रिपोर्ट भी उन्हें जल्द सौंप दी जाएगी। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**



### मीडियाकर्मियों पर फूटा विकास दुबे की पत्नी रिचा का गुस्सा

अंतिम संस्कार के दौरान विकास की पत्नी रिचा और बेटा को पुलिस लेकर पहुंची थी। अंतिम संस्कार के दौरान पत्नी रिचा दुबे की मीडिया से तीखी नोकझोंक हो गई। रिचा ने मीडियाकर्मियों को अपशब्द भी कहे।

### भीमराव आंबेडकर के घर तोड़फोड़, मुंबई पुलिस ने एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार

(समाचार पृष्ठ 3 पर)

## देश में कोरोना मरीजों का आंकड़ा 800000 पार

**संवाददाता**
**नई दिल्ली।** दुनिया में कोरोना वायरस ने कोहराम मचा रखा है। भारत में भी कोरोना वायरस के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। अब देश में कोरोना वायरस के संक्रमित मरीजों की संख्या 8 लाख के आंकड़ों को पार कर चुकी है। इसके अलावा देश के कई इलाकों में फिर से लॉकडाउन लगाया गया है। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

### मीरा-भायंदर में फुल लॉकडाउन को 18 जुलाई तक के लिए बढ़ा दिया गया है



### पुणे में नहीं थम रहा कोरोना, फिर 10 दिनों का लॉकडाउन

**पुणे।** महाराष्ट्र में कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों को देखते हुए एक अहम निर्णय लिया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि पुणे, उससे सटे पिंपरी चिंचवाड़ समेत जिले के कई अन्य हिस्सों में 10 दिनों का लॉकडाउन लागू करने की तैयारी की गई है। यह लॉकडाउन 13 जुलाई से शुरू हो रहा है। लॉकडाउन 13 जुलाई की मध्यरात्रि से शुरू होगा और 23 जुलाई को खत्म होगा। जिले में गुरुवार को कोरोना के 1803 नए मामले सामने आए थे। लॉकडाउन का यह अहम निर्णय महाराष्ट्र के डेप्युटी सीएम और जिले के संरक्षक अजित पवार ने लिया।

॥शुभ लाभ॥
MIX MITHAI

• मोतीचूर लड्डू • काजू कतरी • काजू रोल
• बदाम बर्फी • मलाई पेड़े • रसगुल्ले
MM MITHAIWALA
Malad (W) Tel. : 288 99 501

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

# जाधव के लिए अभियान

**कुलभूषण** जाधव के मामले में पाकिस्तान की चालाकी न सिर्फ इंसाफ, बल्कि इंसानियत की भी तौहीन है। भारत को परेशान करने का कोई भी मौका वह जाने देना नहीं चाहता और जब सामान्य रूप से उसे मौका नहीं मिलता, तब वह जबरन मौके गढ़ लेता है। जाधव का पूरा मामला पाकिस्तान की इसी गलत प्रवृत्ति का नतीजा है। पाकिस्तान ने अब भारत और दुनिया को यह सूचित किया है कि जाधव कोई पुनर्विचार याचिका नहीं लगाना चाहते, वह सिर्फ दया याचिका पर तवज्जो चाहते हैं। पाकिस्तान का यह व्यवहार न्यायप्रियता के सरासर खिलाफ है। इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस (आईसीजे) ने जुलाई 2019 में यह फैसला सुनाया था कि जाधव पर फिर से मुकदमा चलाया जाए। वह भारत के लिए बड़ी जीत थी, लेकिन पाकिस्तान भारत की उस जीत पर पानी फेरने की कोशिश में अभी भी लगा है। पाकिस्तान के साथ समस्या यह है कि यदि वह अदालत में सही ढंग से मुकदमा चलने दे, तो जाधव को बरी कराने में भारत को ज्यादा परेशानी नहीं होगी। जैसे सुबूतों के आधार पर जाधव को जासूसी और आतंकवाद के इल्जाम में कैद किया गया है, वे किसी भी न्यायप्रिय अदालत में टिक नहीं पाएंगे। पाकिस्तान की सैन्य अदालत ने अपने स्तर पर एकतरफा फैसला करते हुए जाधव को मृत्युदंड की सजा सुना रखी है और उसने इस फैसले को अपने कथित सम्मान से जोड़ लिया है। जाधव को सजा होती है, तो यह इंसानियत पर किसी धब्बे से कम नहीं होगी। अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में पाकिस्तान ने पूरा जोर लगाया था, पर जो सुबूत वहां नहीं टिक सके, वे पाकिस्तानी अदालत में भी नहीं टिकेंगे। चूंकि भारत जाधव को बचाने के लिए अच्छे से अच्छा वकील कर सकता है, इसलिए पाकिस्तान मामले को अदालत में पहुंचने ही नहीं दे रहा। यह मानने में कोई हर्ज नहीं कि जाधव पर दबाव डालकर पाकिस्तान ने मनमाफिक आवेदन कराया है। क्या पाकिस्तानी जेल में बंद जाधव सही न्यायपूर्ण सुनवाई के पक्ष में नहीं होंगे? क्या उन्हें नहीं पता होगा कि भारत ने अपने किन प्रयासों से उनके प्राण की रक्षा की है? कोई भी अपनी जान क्यों जोखिम में डालना चाहेगा? यह दुनिया को पता चल चुका है कि जाधव के खिलाफ गलत ढंग से मुकदमा चलाया गया था। पाकिस्तान की सैन्य अदालत और सरकार, दोनों की जगहंसाई हुई थी। ऐसे में, पाकिस्तान सरकार को स्वयं आगे बढ़कर सुधार करना था, पर उसने भलमनसाहत का एक मौका हाथ से फिर जाने दिया। पाकिस्तान का यह बहाना सही नहीं है कि उसने भारतीय उच्चायोग को कई पत्र लिखकर अपील दाखिल करने को कहा था। सच्चाई यह है कि भारतीय पक्ष या जाधव को मामले में कोर्ट का आदेश, एफआईआर की प्रति या कोई अन्य सुबूत मुहैया नहीं कराए गए। बिना सुबूतों के याचिका कैसे दायर होती है, सुनवाई और सजा कैसे होती है, इसमें पाकिस्तान माहिर है, पर दुनिया सब देख रही है। भारत को नए सिरे से प्रयास करने पड़ेंगे। यदि आईसीजे में फिर जाना पड़े, तो पूरी तैयारी के साथ जाना चाहिए, ताकि पाकिस्तान की न्याय व्यवस्था की पोल अच्छी तरह खुल जाए। जाधव की सुरक्षित और न्यायपूर्ण रिहाई का अभियान तेज होना चाहिए। इंसाफ की ओर बढ़ने वाला हमारा एक-एक कदम पाकिस्तान की बेईमानी या दुश्मनी को जर्रा-जर्रा बेनकाब करेगा।

# अंतरराष्ट्रीय संस्था द अमेरिकन यूनिवर्सिटी फॉर ग्लोबल पीस ने किया भारत में कोरोना योद्धाओं का सम्मान!

## प्रोफेसर डॉ मधु कृष्णा के नेतृत्व में भारत की राजदूत डॉ ताहेरा एहसान करेंगी सम्मान






**एकेडेमी** ऑफ यूनिवर्सल ग्लोबल पीस नामक यह संस्था भारत, अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम सहित कई देशों की रजिस्टर्ड संस्था है। इस अंतरराष्ट्रीय संस्था की संस्थापक और चेयरपर्सन 'डॉ मधु किशन' हैं। इस संस्था को अंतरराष्ट्रीय समुदाय में बहुत सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है क्योंकि यह हर समुदाय के बीच बिना किसी भेदभाव के अपनी सेवा को अंजाम देती है। संस्था हर देश में जहां इस संस्था के राजदूत है उस देश की आपदा के समय जहां जरूरत पड़ती है दान राशि देकर वहां के लोगों की मदद करने का भी कार्य करती है। दुनिया के 77 से भी ज्यादा देशों में इनके राजदूत हैं और वहाँ इस संस्था द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। प्रोफेसर डॉ मधु कृष्ण जो AUGP USA संस्था के संस्थापक हैं उनका लक्ष्य दुनिया के 120 देशों तक अपनी पहुंच कायम करने का है। कोविड-19 - कोरोना अंतराष्ट्रीय महामारी के दौरान AUGP USA द्वारा कई राहत कार्य किए गए हैं। उसी श्रंखला में भारत की राजदूत डॉ ताहेरा एहसान द्वारा भारत में उन लोगों का चयन किया गया जिन्होंने अपने कर्तव्य परायण ता का परिचय देकर इस भीषण महामारी के दौरान लोगों की हर संभव मदद की,उन तक राहत पहुंचाई, और अपनी जान की परवाह किए बगैर अपने कर्तव्यों को निभाया। उनमें चिकित्सा विभाग, पुलिस विभाग,रेल्वे पुलिस फोर्स, दमकल विभाग, गुरुद्वारे, चर्च, मदरसे, दारुलकजा एवं कई रजिस्टर्ड संस्थाएँ शामिल हैं, इनमें कुछ ऐसे लोगों को भी चुना गया है जिनकी संस्थाएं नहीं होने के बावजूद उन्होंनें मानवता का परिचय देते हुए बेघर गरीब प्रवासी श्रमिकों एवं जरूरतमंदों को सहायता प्रदान की है। डॉ ताहेरा एहसान को भारत के राजदूत के तौर पर एकेडेमी ऑफ यूनिवर्सल ग्लोबल पीस यूएसए और अमेरिकन यूनिवर्सिटी फॉर ग्लोबल पीस यूएसए नामक संस्था द्वारा भारत का प्रतिनिधित्व करने को मनोनीत किया गया है। प्रोफेसर डॉ मधु कृष्ण द्वारा उन सभी चयनित उम्मीदवारों (Candidate) को यही संदेश दिया कि अपने कर्तव्यों को निभाते हुए सदा इसी प्रकार अपनी मानवता का परिचय देते रहें। और दुनिया में शांति कायम रखने मे योगदान दें।

**कोरोना युद्ध के इस कठिन समय में जो अपनी जान हथेली पर रख कर जंग लोगों की सेवा में निरंतर लगे हुए हैं रहे हैं उनमें चिकित्सा विभाग, पुलिस विभाग,रेल्वे पुलिस फोर्स, दमकल विभाग, गुरुद्वारे, चर्च, मदरसे, दारुलकजा एवं कई रजिस्टर्ड संस्थाएँ शामिल हैं, इनमें कुछ ऐसे लोगों को भी चुना गया है जिनकी संस्थाएं नहीं होने के बावजूद उन्होंनें मानवता का परिचय देते हुए बेघर गरीब प्रवासी श्रमिकों एवं जरूरतमंदों को सहायता प्रदान की है। और निरन्तर नागरिकों का जीवन बचाने में अपना सर्वत्र न्यौछावर किए हुए हैं। इन्होंने इस महामारी से लड़ने के लिए और लोगों को सुरक्षित रखने के लिए अपना योगदान दिया है। उनके नामों का उल्लेख किया जाता है -**

# देश भर से खोजकर निकाले कोरोना यौद्धा!

श्री कृष्ण प्रकाश IPS SPL IGP Administration महाराष्ट्र स्टेट मुंबई पुलिस, श्री अजय कुमार सिंह प्रिन्सिपल चीफ सिक्यूरिटी कमिश्नर & IG RPF वेस्टर्न रैलवेज मुंबई, फादर बारथल डोमिनिक माचाडो. अवर लेडी ऑफ नाजरेथ चर्च के पादरी और मेनेजिंग डाइरेक्टर. 'अवर लेडी ऑफ नाजरेथ हाई स्कूल एंड जूनियर कॉलेज', श्रीमति कल्पना सरोज चेयर पर्सन हैं कल्पना सरोज फाउंडेशन की, श्री एस राजेंद्र सिंह पोपली हेड सेक्रेटरी मीरा रोड़ गुरुद्वारा... श्री गुरु नानक दरबार, पंडित शारदा प्रसाद तिवारी फाउंडर /प्रेसिडेंट माँ अमृता मेमोरियल चेरीटेबल ट्रस्ट और श्री शारदा विद्या मंदिर हाई स्कूल मुंबई, आलिमा कौसर जहाँ बिनते सलीम शेख... ओपन एयर इस्लामिक एजुकेशन अकैडमी की मेंनेजिंग डायरेक्ट,श्री विनायक करडे पीएसआई मुंबरा पुलिस, श्री इंदर सिंह यादव कांस्टेबल (रेल्वे प्रोटेक्शन फोर्स) भोपाल मध्य प्रदेश, श्री अबुबकर जरीवाला डाइरेक्टर-नूरी ग्रुप ऑफ कंपनीज ट्रस्टी-नूरी एजुकेशन एंड वेलफेयर ट्रस्ट, श्री फरीद जरीवाला जनरल सेक्रेट्रीट्रस्टी-नूरी एजुकेशन एंड वेलफेयर ट्रस्ट ट्रस्टी हालाई मेमन जमात, श्री अनवर नूरी एडिटर इन चीफ, मुंब्रा समाचार, मोटिवेशनल स्पीकर, सीनियर सोशल वर्कर, वाइस प्रेसीडेंट नूरी एजुकेशन एंड वेलफेयर ट्रस्ट, श्री. अशोक गौतम खोसला चेयर मेन 'संत बाबा मुनि साहब वृद्ध आनंद आश्रम' आकुंडी पुणे, श्री शेहजाद शेख प्रेसीडेंट-हेल्प पिंग ह्यूमनिटी फाउंडेशन मुंबई, श्री अखिल राज ब्योरो चीफ ओपन एयर टाइम्स नेशनल मीडिया न्यूज पेपर मुंबई, श्री आसिफ हुसैन खत्री सोशल वर्कर मुंबई, श्री दाऊद हनीफ पीनारा सोशल वर्कर दुबई/ राजस्थान, श्री महबूब मुनव्वर खान देवडा सोशल वर्कर शांति दूत पुणे, श्री निसार अहमद राही महान कवि/सोशल वर्कर फतहपुर शेखावाटी राजस्थान, श्री मोहम्मद खालिद राही फाउंडर एकता फाउंडेशन राजस्थान, श्री सगीर अहमद डांगे प्रथम महापौर वसई विरार सिटी म्यूनिसिपल कार्पोरेशन मुंबई, श्री फरीद अहमद खान प्रेसीडेंट उर्दू कारवाँ मुंबई, श्री महमूद हाकिमी जनरल सेक्रेटरी अंजुमन बाशिंदान .ए .बिहार .मुंबई, श्री शादाब सिद्दीकामद नाकिद. फाउंडर/प्रेसीडेंट सखी फाउंडेशन मुंबई, श्री नजीर इब्राहिम (नजीर फतेहपुरी) एडिटर /फाउंडर असबाक पब्लिकेशन्स पुणे, श्री साकिब गोरे ओनर/ सोशल वर्कर विजन फ्रेंड मुंबई, श्री विनय कुमार एमडी स्वामी विवेकानंद कॉलेज मुंबई, श्री योगेश एस उबाले हेड कॉन्स्टेबल रेल्वे प्रोटेक्टशन फोर्स, सोलापुर, श्री जुनैद हुसैन अंसारी सोशल वर्कर मुंब्रा. मुंबई, मुफ्ती जसीमउद्दीन कासमी लेक्चरर, मरकजुलमाँरिफ एजुकेशन और रिसर्च सेन्टर मुंबई, श्री . इकबाल चुनावाला सोशल वर्कर /प्रेसीडेंट ऑर्गनाईजेशन लोकाची शक्ति मुंबई, मौलाना बुरहानउदीन कासमी डाइरेक्टर, मरकजुलमाँरिफ एजुकेशन और रिसर्च सेन्टर, मुंबई एडिटर इन चीफ ईस्टर्न क्रीसेंट मेगजीन मुंबई, मौलाना बदरुददीन अजमल (सांसद ) लोकसभा प्रेसीडेंट अजमल फाउंडेशन मरकजुलमाँरिफ एजुकेशन और रिसर्च सेन्टर, मुंबई, जैनब शेख एडिटरलिटिल चेंप सेक्शन ओपन एयर टाइम्स नेशनल मीडिया मुंबई डॉ उदय मोदी एमडी (एम) फाउंडर, श्रवण टिफिन सेवा श्री सादिक इब्राहिम खान मुजावर पुलिस हेड कॉन्स्टेबल मुंबई पुलिस, श्री शांताराम वालवी Dy SP, SDPO मीरा रोड ठाणे ग्रामीण पुलिस, डॉ अजीमउद्दीन सय्यद प्रेसीडेंट मूवमेंट फॉर ह्यूमन वेलफेयर महाराष्ट्र और प्रेसीडेंट जेम्स स्कूल ऑफ एक्ससिलेंस प्रेसीडेंट मीरा भयंदर. दारुल फाउंडेशन मुंबई, श्री महंत सुभाष गोस्वामी प्रेसीडेंट भारतीय जन जाग्रति फाउंडेशन. एक्स विजिलेंस इंस्पेक्टर और गेजटेड सेक्शन ऑफिसर रेल्वे बोर्ड दिल्ली. इंडिया, श्री पुशेष आर्य फाउंडर/प्रेसिडेंट प्रधान मंत्री जन कल्याण योजना प्रचार प्रसार अभियान दिल्ली, श्री. मुख्तार एहसान. म्यूजिक डाइरेक्टर/सीनियर एडिटर ओपन एयर टाइम्स मुंबई, खेमराज सिंह नेशनल प्रेसीडेंट / फाउंडर शिक्षा जागृत अभियान फाउंडेशन मुंबई, श्री साजिद खान असिस्टेंट फायर ऑफिसर नगर निगम भोपाल मध्य प्रदेश, श्री राकेश चतुर्वेदि डेप्युटी जनरल मैनेजर अदानी पोर्ट एंड स्पेशल इकनॉमिक जोन , मूंदरा , कच्छ गुजरात, श्री सतीश दिनकर निकम असिस्टेंट पुलिस इंस्पेक्टर इंचार्ज उत्तन पुलिस स्टेशन ठाणे रूरल, श्री सुनील शर्मा एक्स. डाइरेक्टर प्रधान मंत्री जन औषधि योजना और पुलिस मित्र मीरा रोड, श्री सुनील बाबूराव वाघ पी एसआई मुंबई पुलिस, डॉ आसिफ शेख सोशल वर्कर और राजनेता मीरा भयंदर, श्री ललित दवे जनरल सेक्रेटरी प्रधान मंत्री जन कल्याण योजना प्रचार प्रसार अभियान राजस्थान डॉ मोहम्मद सलीम, डाइरेक्टर & फाउंडर हरयाणा एजुकेशनल अकैडमी, श्रीमति नाज़िया नदीम वागले वीपी ठाणे रूरल ह्यूमनिटी फर्स्ट फाउंडेशन, श्री संदीप पांडे प्रेसीडेंट युवा छात्र संघ मुंबई इन योद्धाओं की इसी भावना ने पूरे देश को हमेशा ऊजार्वान बनाए रखा और अपने सभी साथियों को भी सेवा के जज्बे से लबरेज रखा। इनके जज्बे और इनके महान कार्य को देख कर इन्हें अवॠढ यूएसए कोरोना योद्धा पुरस्कार से सम्मानित किया जा रहा है. और इनके सराहनीय कार्य के लिए सभी को शुभकामनाएं दी जाती हैं.

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# ‘सारथी’ संस्थान बंद नहीं होगा

## अजित पवार ने की 8 करोड़ का फंड देने की घोषणा

**संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार ने मराठा और कुणबी समुदाय के लिए काम करने वाली गैर लाभकारी सरकारी कंपनी ‘सारथी’ को आठ करोड़ रुपये का कोष देने की गुरुवार को घोषणा की। उन्होंने साथ ही कहा कि संस्थान का कामकाज बंद नहीं होगा। पवार ने संस्थान की स्वायत्तता बनाए रखने का आश्वासन देते हुए कहा कि यह पारदर्शी तरीके से काम करेगा। उपमुख्यमंत्री ने यहां ‘मंत्रालय’ में सांसद संभाजी राजे के नेतृत्व में मराठा समुदाय के प्रतिनिधियों के साथ मुलाकात के बाद यह टिप्पणी की। महाराष्ट्र के मंत्री नवाब मलिक और विजय वडेट्टीवार भी बैठक के दौरान मौजूद थे। मराठा समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाले कुछ संगठनों ने हाल में आरोप लगाया था कि संस्थान की स्वायत्तता खत्म की जा रही है और कामकाज के लिए इसके पास धन भी नहीं है।



छत्रपति शाहू महाराज शोध प्रशिक्षण एवं मानव विकास संस्थान (सारथी) शोध, नीति पैरोकार, प्रशिक्षण का काम करता है। बैठक के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए पवार ने कहा, सरकार की ओर से मैं बता रहा हूं कि सारथी बंद नहीं होगा। हम संस्थान को आठ करोड़ रुपये का फंड दे रहे हैं। इसकी स्वायत्तता बनी रहेगी। वित्त मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से अनुरोध किया जाएगा और राज्य मंत्रिमंडल सारथी को योजना विभाग के तहत शामिल करेगा। पवार ने कहा, संस्थान के संबंध में हमारा काफी सकारात्मक दृष्टिकोण है। संभाजी राजे ने पवार के बयान का स्वागत किया। बहरहाल, बैठक की व्यवस्था को लेकर थोड़ा विवाद भी पैदा हो गया। इसमें भाग लेने वाले मराठा समुदाय के कुछ प्रतिनिधियों ने संभाजी राजे को तीसरी कतार में बैठने की जगह मिलने को लेकर आपत्ति जताई।

## कोविड-19 के मरीजों के नामों का खुलासा क्यों किया जाए: बंबई उच्च न्यायालय

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने पूछा कि कोरोना वायरस से संक्रमित मरीजों के नाम का खुलासा क्यों किया जाना चाहिए और कहा कि यह मुद्दा ऐसे मरीजों की निजता के अधिकार से जुड़ा है। न्यायमूर्ति ए ए सैयद और न्यायमूर्ति एम एस कार्णिक की खंडपीठ ने दो लोगों की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। याचिका में कोरोना वायरस से संक्रमित मरीजों के नामों का खुलासा करने का आग्रह किया गया, ताकि उनके संपर्क में आए लोगों का पता लगाया जा सके और दूसरों को संक्रमित होने से बचाया जा सके। कानून की छात्रा वैष्णवी घोलवे और सोलापुर के एक किसान महेश गाडेकर ने यह जनहित याचिका दायर की है। जनहित याचिका में कहा गया है कि जब जीवन के मौलिक अधिकार और स्वस्थ जीवन जीने के अधिकार का निजता के मौलिक अधिकार से टकराव होता है तो अदालत को यह देखने की जरूरत है कि इनमें से किन अधिकारों से जनता के हितों पर असर पड़ेगा। पीठ ने कहा, कोविड-19 से पीड़ित व्यक्ति की पहचान का खुलासा करने में किस हद तक जाया जा सकता है? निजता का अधिकार इसमें जुड़ा है। अधिकारी किसी के संक्रमित पाए जाने पर किसी विशेष स्थान या इमारत को निषिद्ध क्षेत्र के तौर पर घोषित करते हैं, ताकि लोगों को इसके बारे में पता चल सके। अदालत ने कहा, क्या यह पर्याप्त नहीं है? आप क्यों जानना चाहते हैं कि कौन-सा व्यक्ति संक्रमित पाया गया है?

## भीमराव आंबेडकर के घर तोड़फोड़, मुंबई पुलिस ने एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार

**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में स्थित बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के घर ‘राजगृह’ में तोड़फोड़ की गई। इस मामले में मुंबई पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि व्यक्ति की पहचान उमेश सीताराम जाधव (35) के तौर पर हुई है। वह कथित रूप से उन दो लोगों में शामिल है जो सीसीटीवी की फुटेज में दिखे हैं। उन्होंने बताया कि दूसरे शख्स की तलाश जारी है। पुलिस के मुताबिक, राजगृह परिसर में मंगलवार रात दो व्यक्ति घुसे और गमलों को तोड़ दिया, पौधों



और सीसीटीवी कैमरों को नुकसान पहुंचाया और खिड़कियों पर पत्थर फेंके। इसके बाद भाग गए। भारतीय दंड संहिता की धारा 427 (कुचेष्टा जिससे नुकसान पहुंचे) और 447 (आपराधिक अतिचार) के तहत एक मामला दर्ज किया गया था। दादर की हिंदू कॉलोनी में स्थित दो मंजिला बंगला एक संग्रहालय है जहां डॉ. भीमराव आंबेडकर की किताबों का संग्रह, उनकी अस्थियां और उनकी जिंदगी से जुड़ी कलाकृतियां संरक्षित हैं। भारतीय संविधान के निर्माता इस बंगले में दो दशक तक रहे थे। डॉ. भीमराव आंबेडकर की पुत्रवधु और उनके पौत्र इस बंगले में रहते हैं। उनके पौत्रों में वंचित बहुजन आघाडी के नेता प्रकाश आंबेडकर भी शामिल हैं।

### सीएम उद्धव ठाकरे ने जांच कर सख्त कार्रवाई करने के दिए थे निर्देश

इस मामले में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने मुंबई पुलिस को जांच कर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। उद्धव ठाकरे ने इस घटना को निंदनीय बताते हुए कहा था कि सरकार दादर क्षेत्र में स्थित ‘राजगृह’ का अपमान बर्दाश्त नहीं करेगी। शिवसेना चीफ उद्धव ठाकरे ने कहा था कि परिसर केवल आंबेडकर के अनुयायियों के लिए ही नहीं बल्कि पूरे समाज के लिए एक पूज्यनीय स्थान है। इस परिसर में आंबेडकर की सभी रचनाएं संरक्षित हैं। यह सभी महाराष्ट्रवासियों के लिए एक तीर्थस्थान की तरह है। सरकार राजगृह का अपमान सहन नहीं करेगी।

(पृष्ठ 1 का शेष)

**विकास दुबे कानपुरवाला...**

पुलिस से कहा गया है कि वह बाकी औपचारिकताएं पूरी करें। दुबे के शव का पोस्टमॉर्टम पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच किया गया। इस बीच, पुलिस ने दुबे के रिश्तेदार दिनेश तिवारी को उसका शव लेने और उसका अंतिम संस्कार करने के लिए मनाया। बाद में सबको कड़ी सुरक्षा के बीच अंतिम संस्कार के लिए भैरव घाट ले जाया गया, जहां विद्युत शवदाह गृह में उसकी अंत्येष्टि की गई। इस दौरान घाट के आसपास बड़ी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया। विकास दुबे के अंतिम संस्कार के दौरान उसकी पत्नी, बेटा मौजूद रहे। इस एनकाउंटर के बाद यूपी पुलिस पर जहां कुछ लोग सवाल खड़े कर रहे हैं, वहीं शहीदों के परिवारवालों ने कुख्यात अपराधी की मौत पर खुशी जाहिर की है। एसटीएफ ने शुक्रवार शाम प्रेस नोट जारी कर बताया कि रास्ते में गाय-भैसों का झुंड सामने आ गया। ड्राइवर ने मवेशियों को बचाने के लिए अचानक गाड़ी मोड़ दी, जिससे वह पलट गई। इंस्पेक्टर रमाकांत पचौरी, सब इंस्पेक्टर पंकज सिंह, अनूप सिंह और सिपाही सत्यवीर और प्रदीप को चोटें आईं और वे बेहोशी की हालत में पहुंच गए। इस दौरान विकास ने इंस्पेक्टर रमाकांत पचौरी की पिस्टल छीन ली और कच्चे रास्ते पर भागने लगा। पीछे से दूसरे वाहन से आ रहे एसटीएफ के डीएसपी तेजबहादुर सिंह पलटी गाड़ी के पास पहुंचे तो उन्हें विकास के भागने की खबर मिली। उन्होंने और साथी पुलिसवालों ने उसका पीछा किया तो विकास फायर करने लगा। उसे जिंदा पकड़ने की पूरी कोशिश की गई, लेकिन वह फायर करता रहा। जवाबी फायर में विकास घायल हो गया। उसे तुरंत सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसको मृत घोषित कर दिया गया।

**देश में कोरोना मरीजों का आंकड़ा 800000 पार**

देश में कोरोना वायरस का संक्रमण थमने का नाम नहीं ले रहा है। हर रोज देश में हजारों की संख्या में कोरोना वायरस के नए मरीजों की पुष्टि हो रही है। पिछले कुछ दिनों से रोजाना देश में 20 हजार से ज्यादा कोरोना वायरस के मरीज सामने आ रहे हैं। covid19india.org के मुताबिक अब देश में आठ लाख से ज्यादा कोरोना वायरस के मरीज सामने आ चुके हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक 10 जुलाई की सुबह तक देश में 7,93,802 कोरोना वायरस के मरीजों की पुष्टि हो चुकी है। इसके साथ ही 4,95,513 कोरोना वायरस के मरीज ठीक भी हो चुके हैं। इसके अलावा अब तक 21,604 लोगों की देश में कोरोना वायरस के कारण जान भी जा चुकी है। वहीं अब देश में कोरोना वायरस के मरीजों का आंकड़ा आठ लाख के पार हो चुका है। स्वास्थ्य मंत्रालय के जरिए ताजा आधिकारिक आंकड़े अगले दिन सुबह जारी किए जाएंगे। देश में तेजी से फैल रहे कोरोना वायरस के संक्रमण को देखते हुए कई जगहों पर फिर से लॉकडाउन का ऐलान किया गया है। उत्तर प्रदेश में भी फिर से लॉकडाउन लागू किया गया है। उत्तर प्रदेश में 13 जुलाई की सुबह 5 बजे तक लॉकडाउन का आदेश जारी किया गया है। इसके साथ ही महाराष्ट्र के पुणे जिले में 10 दिनों के लॉकडाउन का ऐलान किया गया है। यह लॉकडाउन 13 जुलाई से शुरू होकर 23 जुलाई को खत्म होगा। वहीं मध्य प्रदेश में कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए शिवराज सरकार ने राज्य में फिर से लॉकडाउन लगाने का फैसला किया है। अब हर रविवार को पूरे मध्य प्रदेश में लॉकडाउन होगा। इसके अलावा केरल सरकार ने राजधानी तिरुवनंतपुरम में ट्रिपल लॉकडाउन लागू करने का फैसला किया है। इसके अलावा असम में कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए गुवाहाटी में 28 जून की मध्य रात्रि से 12 जुलाई तक लॉकडाउन लगाया गया है। कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच मणिपुर सरकार ने लॉकडाउन को बढ़ाने का फैसला लिया है। मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने एक से 15 जुलाई तक लॉकडाउन का ऐलान किया था। वहीं बिहार में कोरोना महामारी की रोकथाम को लेकर प्रशासन के आदेश पर लगभग डेढ़ दर्जन जिलों में फिर से लॉकडाउन की घोषणा की गई है। इनमें राजधानी पटना, आरा, वैशाली, भागलपुर, सुपौल, नालंदा, पूर्णिया, दरभंगा, कैमूर, बक्सर, बेतिया, नवादा, सुपौल, मधेपुरा, खगड़िया, मुंगेर, किशनगंज, मुजफ्फरपुर और मोतिहारी जिला शामिल हैं।






# नेरुलगांव में सफाई कर्मचारियों को सैनिटाइजर और मास्क वितरित किया गया




**नवी मुंबई।** महाराष्ट्र भूषण नानासाहेब धर्माधिकारी के स्मृति दिवस के अवसर पर लायन हार्ट ग्रुप नवी मुंबई और संस्थापक अध्यक्ष वीरेंद्र (गुरु) म्हात्रे ने नेरुलगाँव में सफाई कर्मचारियों को सैनिटाइजर और मास्क वितरित किए। वरिष्ठ नियोजक महाराष्ट्र भूषण डॉ। नानासाहेब धर्माधिकारी के स्मृति दिवस के अवसर पर लायन हार्ट ग्रुप नवी मुंबई और संस्थापक अध्यक्ष वीरेंद्र (गुरु) म्हात्रे ने बुधवार को नेरुलगाँव में सफाई कर्मचारियों को सैनिटाइजर और मास्क वितरित किए। वितरण कार्यक्रम के लिए अभिनेत्री नयना पवार के साथ-साथ वंचित बहुजन अघडी जिला अध्यक्ष वीरेंद्र लंगड़े, जयश्री फाउंडेशन के अध्यक्ष वैभव जाधव और क्षितिज पार्व संपादक, संदीप कलोटे, नवी मुंबई जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष महेश भंगे, नवी मुंबई विशेष गणमान्य व्यक्ति होंगे। लॉयन हार्ट ग्रुप नवी मुंबई के उपाध्यक्ष अक्षय पचाने, कोषाध्यक्ष रोशन पाटिल, उप कोषाध्यक्ष शुभम सलूखे, सचिव सचिन जाधव, उमेश तोक और अन्य सदस्य राष्ट्रीय अध्यक्ष मछुआरे राहुल म्हात्रे आदि के साथ उपस्थित थे।

# सुशांत सुसाइड केस: सुब्रमण्यम स्वामी भी इस केस की सीबीआई जांच के पक्ष में

**संवाददाता**

**मुंबई।** सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले में उनके फैन्स लगातार सीबीआई जांच की मांग कर रहे हैं। भाजपा सांसद रूपा गांगुली और अभिनेता शेखर सुमन भी इस बारे में आवाज उठा चुके हैं। अब इस मामले में भाजपा से राज्यसभा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुब्रमण्यम स्वामी ने दखल दिया है। उन्होंने वकील ईशकरण भंडारी से कहा है कि देखो, इस मामले में क्या सीबीआई जांच की गुंजाइश बनती है। स्वामी ने एडवोकेट, इकोनॉमिस्ट और पॉलिटिकल एनालिस्ट ईशकरण सिंह भंडारी को मामले में तथ्यों की जांच करने



को कहा है ताकि वे यह समझ सकें कि केस सीबीआई जांच के लायक है या नहीं। स्वामी की मानें तो ईशकरण फिलहाल यह देख रहे हैं कि इस मामले में संविधान की कौन-सी धाराएं लागू होती हैं। उन्होंने लिखा है- फिलहाल ईशकरण यह जानने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या इस मामले में आर्टिकल 21 के साथ-साथ आईपीसी के सेक्शन 306 या 308 लागू होते हैं। या तो पुलिस के वर्जन को स्वीकार कर लिया जाए, जिसके मुताबिक यह एक आत्महत्या थी, या फिर एक्टर को ऐसा करने के लिए मजबूर किया गया?

जब एक फैन ने स्वामी से पूछा कि केस में सेक्शन 302 का एंगल क्यों नहीं देखा जा रहा? तो स्वामी ने रिप्लाई में लिखा कि ट्रायल के दौरान यह 302 में बदल जाएगा। स्वामी ने एक अन्य ट्वीट में लिखा है- इसकी शुरूआत आत्महत्या मानकर की जाएगी और सीबीआई जांच में सबूत सामने आने के बाद चार्ज शीट में यह मर्डर का चार्ज बन जाएगा।

# भागना ही था तो सरेंडर क्यों किया?

## विकास दुबे के एनकाउंटर पर कांग्रेस ने पूछे 13 सवाल

**संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश के उज्जैन में महाकाल मंदिर के बाहर गुरुवार सुबह गिरफ्तार होने वाला गैंगस्टर विकास दुबे, लगभग 24 घंटे के अंदर एनकाउंटर में मारा गया। पुलिस के मुताबिक विकास की गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हुई। उसके साथ मौजूद चार पुलिसकर्मी भी घायल हुए, विकास दुबे ने उनका रिवॉल्वर छीना, भागने की कोशिश की, पुलिस की कार्रवाई में गोली लगी और अस्पताल पहुंचकर विकास दुबे की मौत हो गई। हालांकि राजनीतिक दल पुलिस की इस थ्योरी को गलत बता रहे हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि अगर विकास जिंदा रहता तो योगी सरकार चली जाती। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने शायराना अंदाज में लिखा- कई जवाबों से अच्छी है खामोशी उसकी, ना जाने कितने सवालों की आबरू रख ली। कांग्रेस प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश को बीजेपी सरकार के नेतृत्व में अपराध प्रदेश में तब्दील कर दिया गया है। विकास दुबे संगठित अपराध का एक मोहरा था। उस संगठित अपराध का सरगना असल में है कौन? विकास दुबे के एनकाउंटर के बाद अनेकों सवाल सार्वजनिक जेहन में खड़े हो गए हैं, जिनका जवाब आदित्यनाथ सरकार को देना होगा।





बता दें, कुख्यात अपराधी एवं कानपुर के बिकरू गांव में आठ पुलिसकर्मियों की हत्या के मामले का मुख्य आरोपी विकास दुबे शुक्रवार सुबह कानपुर के भौती इलाके में पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। कानपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार ने बताया, 'तेज बारिश हो रही थी। पुलिस ने गाड़ी तेज भगाने की कोशिश की जिससे वह डिवाइडर से टकराकर पलट गयी और उसमें बैठे पुलिसकर्मी घायल हो गये। उसी मौके का फायदा उठाकर दुबे ने पुलिस के एक जवान की पिस्तौल छीनकर भागने की कोशिश की और कुछ दूर भाग भी गया।' कुमार ने कहा, 'तभी पीछे से एस्कार्ट कर रहे एसटीएफ के जवानों ने उसे गिरफ्तार करने की कोशिश की और उसी दौरान उसने एसटीएफ पर गोली चला दी जिसके जवाब में जवानों ने भी गोली चलाई और वह घायल होकर गिर पड़ा। हमारे जवान उसे अस्पताल लेकर गये जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।' इससे पहले कानपुर के एडीजी जे एन सिंह ने बताया था कि पुलिस और एसटीएफ की गाड़ियां विकास को उज्जैन से लेकर आ रही थीं, तभी अचानक एक गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। उसमें बैठे विकास दुबे ने भागने की कोशिश की जिसके बाद पुलिस मुठभेड़ हुई और वह घायल हो गया।

### कांग्रेस प्रवक्ता ने दस से ज्यादा सवाल खड़े किए हैं, मसलन-


1. क्या विकास दुबे शासन में बैठे लोगों का राजदार था? क्या उसे सत्ता के शीर्ष पर बैठे लोगों का संरक्षण प्राप्त था?
2. विकास कौन से राज छुपा रहा था?
3. विकास दुबे का नाम 25 मोस्ट वांटेड अपराधियों की लिस्ट में शामिल क्यों नहीं था?
4. इस एनकाउंटर पर कई सवाल खड़े होते हैं, अगर उसे भागना ही था तो उज्जैन में जाकर सरेंडर क्यों किया?
5. मीडिया कर्मियों को एनकाउंटर स्पॉट पर जाने से क्यों रोका गया?
6. विकास दुबे को पहले हवाई मार्ग से लाए जाने की बात चल रही थी, फिर बाद में इसे क्यों बदला गया?
7. विकास दुबे को एक्सिडेंट से पहले सफारी गाड़ी में देखा गया था। एक्सिडेंट दूसरी गाड़ी में हुआ लेकिन अब कुछ और बताया जा रहा है।
8. विकास के एक पैर में लोहे की रॉड लगी थी तो वो भाग कैसे सकता है?
9. अगर वो भाग रहा था तो पुलिस की गोली सीने में कैसे लगी?
10। घटनास्थल पर गाड़ी फिसलने के कोई निशान मौजूद क्यों नहीं थे?
11. विकास अगर भाग रहा था तो उसके कपड़े सूखे कैसे थे, कीचड़ के निशान क्यों नहीं थे?
12. विकास दुबे का एनकाउंटर सच्चाई का एनकाउंटर है। जिससे सच छुपाया जा सके।
13. विकास के पीछे खड़े लोगों के चेहरों को सार्वजनिक कर ही कानपुर शूटआउट में शहीद हुए जवानों को सच्ची श्रद्धांजलि दी जा सकेगी।

### न टायरों के निशान-न शीशों को नुकसान...कैसे पलटी विकास दुबे की गाड़ी?

**इस** मुठभेड़ के साथ कई सवाल भी खड़े हो रहे हैं। सवाल उस टीयूवी 300 गाड़ी को लेकर भी हो रहे हैं जिसमें विकास दुबे सवार था। हादसे का शिकार हुई यूपी एसटीएफ के काफिल की ये गाड़ी आखिर कैसे पलटी। स्पीड में चल रही गाड़ी अगर फिसलती है तो सड़क पर उसके टायरों के निशान पड़ जाते हैं, लेकिन यहां पर वो भी नहीं था। और न ही गाड़ी के शीशों को नुकसान पहुंचा है। उज्जैन से कानपुर तक के सफर के दौरान विकास दुबे की गाड़ी दो बार बदली गई। पहली बार तब जब विकास दुबे मध्य प्रदेश से यूपी की सीमा में दाखिल हुआ। तब तक वो एमपी पुलिस की इनोवा कार में बैठा था। यूपी की सीमा में दाखिल होते ही उसे इनोवा से उतार कर सफेद टाटा सफारी गाड़ी में बिठा दिया गया, लेकिन इसके बाद फिर उसकी गाड़ी बदली गई। इस बार ठीक एनकाउंटर से पहले। उज्जैन से जब एसटीएफ का काफिला चला था तब चार गाड़ियां थीं। चौथी गाड़ी इनोवा थी। इनोवा एमपी पुलिस की थी जो यूपी बॉर्डर से वापस लौट गई थी।

# भारतीय फार्मास्युटिकल असोसिएशन महाराष्ट्र स्टेट ब्रांच स्टूडेंट्स फोरम द्वारा आयोजित वार्षिक तकनीकी, खेल, सांस्कृतिक उत्सव पूरे महाराष्ट्र के फार्मसी छात्रों के लिए एक शानदार कार्यक्रम था

**मुंबई।** Rx 2020, भारतीय फार्मास्युटिकल असोसिएशन महाराष्ट्र स्टेट ब्रांच स्टूडेंट्स फोरम (IPA MSB SF) द्वारा आयोजित वार्षिक तकनीकी, खेल, सांस्कृतिक उत्सव पूरे महाराष्ट्र के फार्मसी छात्रों के लिए एक शानदार कार्यक्रम था। लगभग 20 फार्मसी कॉलेजों के छात्र आमतौर पर इस फेस्ट में भाग लेते हैं। हर साल IPA-MSB-SF एक नई थीम के साथ आता है, और इस बार की थीम 'Rx बॉम्बे 2020' थी। यह ३ दिन का उत्सव था, और अत्यधिक प्रतियोगिताओं का आनंद लिया गया था। इस उत्सव में 3000 छात्रों ने हिस्सा लिया था, और फामार्सी क्षेत्र से संबंधित बड़ी-बड़ी हस्तियां भी इस उत्सव में शामिल हुई थी। यह बॉम्बे कॉलेज ऑफ फार्मसी, कलिना में हुआ था। यह सफल फार्मसी उत्सव छात्रों के उत्तम योगदान, और स्टूडेंट्स फोरम के वाइस प्रेसिडेंट एवं गुरु श्री डा. आनंद शेडगे के उत्कृष्ट मार्गदर्शन का नतीजा है। न केवल IPA-MSB-SF एक वार्षिक उत्सव का आयोजन करता है, बल्कि सामुदायिक सामाजिक कार्यक्रमों के लिए पूरे वर्ष सक्रिय रहता है। IPA-MSB-SF सबसे सक्रिय फार्मसी संगठनों में से एक है, और अपने सामाजिक स्वास्थ्य अभियान चलाता है, 'हेपाथॉन' उनका प्रमुख अभियान है जिसमें 1500 युवा नवोदित फार्मसिस्टों ने भाग लिया था। रोगी देखभाल के क्षेत्र में फार्मसिस्टों के अमूल्य योगदान की प्रशंसा करने के लिये IPA-MSB-SF ने राष्ट्रीय फार्मसी सप्ताह मनाया जो नवंबर



2019 के तीसरे सप्ताह में था। स्थानीय फार्मसिस्टों को प्रमाण पत्र दिया गया और प्रशंसा स्वरूप गुलाब भी भेट किया गया। समाज में अपना योगदान देने के अलावा, वे फार्मसी छात्रों को भरपूर अवसर प्रदान करते हैं। वे कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल, सैफीना अस्पताल और अन्य अस्पतालों में यात्राओं की व्यवस्था कर, छात्रों को उनके क्षेत्र में बेहतर अंतर्दृष्टि प्रदान करते हैं। IPA-MSB-SF को एक मंच पर पूरे महाराष्ट्र से सभी फार्मसी छात्रों को लाने के उद्देश्य से स्थापित किया गया है। उनकी गतिविधियों/कार्यक्रमों के बारे में और जानने के लिये या उनके सामाजिक अभियानों में भाग लेने के लिए, आप उन्हें इंस्टाग्राम, फेसबुक, ट्विटर और यूट्यूब पर पा सकते हैं।

थमी दुनिया पर ज्ञान थमा नहीं।

कोविड-19 वैश्विक महामारी के इस चुनौतीपूर्ण समय में जहां प्रत्येक व्यक्ति की आत्मा को ठेस पहुँची है, और मनोबल कम हुआ है, मुंबई एजुकेशनल ट्रस्ट (MET) के साथ मिलकर, इंडियन फार्मास्युटिकल असोसिएशन महाराष्ट्र स्टेट ब्रांच स्टूडेंट्स फोरम (IPA-MSB-SF) ने एक कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसका नाम है- 'मेक द मोस्ट औफ मे'। स्टूडेंट्स फोरम के उपाध्यक्ष और गुरु डॉ अन्द शेडगे के मार्गदर्शन में, छात्र अपनी शैक्षिक पृष्ठभूमि को अनदेखा करते हुए, एक मंच पर अपनी प्रतिभा दिखा सके। आयोजन का उद्देश्य प्रत्येक छात्र को घर पर सुरक्षित रहते हुए, प्रौद्योगिकी का उपयोग करके, विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपनी प्रतिभा और ज्ञान को बेहतर करने, और दिखाने का अवसर देना हैं। ऑनलाइन प्रतियोगिताओं में 'प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता' शामिल है, जिसमें कोरोना के विविध पहलुओं के बारे में अधिक जानने के साथ छात्रों के ज्ञान का परीक्षण किया गया। इस प्रतियोगिता को देश भर के ६ हजाऱ प्रतिभागियों ने बड़े उत्साह के साथ स्वीकार किया। आयोजन का दूसरा कार्यक्रम एक वीडियो बनाने की प्रतियोगिता है, जिसे 'क्वारेंटाइन डायरीज' कहा गया, जिसमें प्रतिभागियों को कोरोना से संबंधित विभिन्न विषयों पर एक वीडियो बनाकर उनका अनुभव अधिनियमित करना है; विषयों में संगरोध के दौरान लोगों के प्रकार, ऑनलाइन व्याख्यान, आदि हैं। तीसरा कार्यक्रम एक 'लेख लेखन' प्रतियोगिता है, जहां छात्रों को कोरोना के बारे में सीखने और शोध करते समय अपने लेखन का प्रदर्शन करना है। पर्यावरण पर कोविड-19 का प्रभाव, SARS-COV-2 की पैथोफिज़ियोलॉजी प्रतियोगिता के कुछ विषय हैं।

अंतिम कार्यक्रम 'क्वारंटून्स' है, एक कार्टून बनाने की प्रतियोगिता, जहाँ छात्रों को अपने बचपन को फिर से देखना, और अपनी कल्पना का एक कार्टून चरित्र बनाना है। इस आयोजन के विषय हैं कोरोना चेन, कोरोना योद्धा और कई अन्य। इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों को आंतरिक क्षमताओं को बढ़ाने, और कोरोना के बारे में जानने के लिए अपने समय का उपयोग करने में सक्षम बनाना हैं। प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर, कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इन सभी कार्यक्रमों को इंस्टाग्राम, फेसबुक और विभिन्न अन्य सोशल नेटवर्किंग साइटों के माध्यम से ऑनलाइन प्रचारित किया गया। इस आयोजन की हर विस्तृत जानकारी आधिकारिक IPA-MSB-SF वेबसाइटः www.ipamsbsf.org पर उपलब्ध है। किसी भी तरह के सहयोग के लिए आप उन्हें ipasfmsbpro@gmail.com पर ईमेल कर सकते है।

# भारत की ताकत बढ़ी: बोइंग ने कहा– एयरफोर्स को 22 अपाचे और 15 चिनूक हेलिकॉप्टर की डिलीवरी पूरी हुई

**नई दिल्ली।** अमेरिकी एविएशन कंपनी बोइंग ने इंडियन एयरफोर्स को अपाचे और चिनूक मिलिट्री हेलिकॉप्टरों की डिलीवरी पूरी कर दी है। बोइंग के साथ भारत ने 22 अपाचे हेलिकॉप्टर और 15 चिनूक हेलिकॉप्टर खरीदने का सौदा किया था। बोइंग ने शुक्रवार को बताया कि 5 चिनूक की आखिरी खेप मार्च की शुरूआत में और 5 अपाचे हेलिकॉप्टर की आखिरी खेप जून के अखिरी हफ्ते में हिंडन एयरफोर्स स्टेशन पहुंचाई गई। बोइंग डिफेंस इंडिया के मैनेजिंग डाइरेक्टर सुरेंद्र आहुजा ने कहा- मिलिट्री हेलिकॉप्टरों की इस डिलीवरी के साथ, हम पार्टनरशिप को आगे भी बनाए



रखेंगे और भारतीय रक्षा बलों की क्षमताओं को पूरा करने के लिए पूरी तरह से कमिटेड होकर काम करेंगे। भारत ने अपाचे का सबसे एडवांस वैरिएंट एएच-64ई खरीदा है। यह अभी तक 17 देशों के पास ही है। एच-64ई अपाचे में लेटेस्ट कम्युनिकेशन सिस्टम, नेविगेशन, सेंसर और वीपन सिस्टम से लैस है। इसमें ऐसा सिस्टम लगा है, जिसके जरिए दिन, रात और सभी तरह के मौसम में टार्गेट के बारे में आसानी से जानकारी मिलती है। इंडियन एयरफोर्स ने चिनूक का लेटेस्ट वर्जन सीएच-47एफ (आई) खरीदा है। दुनिया भर में बीस देशों की एयरफोर्स में या तो चिनूक हेलिकॉप्टर शामिल है या उसकी खरीद की जा रही है। बोइंग ने बयान में कहा कि चिनूक 50 सालों से दुनिया का सबसे भरोसेमंद हैवी-लिफ्ट हेलिकॉप्टर है।

**सितंबर 2015 में हुआ था सौदा:** रक्षा मंत्रालय ने सितंबर 2015 में बोइंग के साथ 22 एएच–64ई अपाचे और 15 सीएच –47 एफ (आई) चिनूक हेलीकॉप्टरों के प्रोडक्शन और ट्रेनिंग के लिए सौदा किया था। हैदराबाद में बोइंग कंपनी टाटा के साथ जॉइंट वेंचर (टाटा बोईंग एयरोस्पेस लिमिटेड (टीबीएएल) के जरिए अपाचे के एयरोस्ट्रक्चर बनाती है। मौजूदा समय में बोइंग भारत में 'मेक इन इंडिया' और 'स्किल इंडिया' मुहिम के तहत 200 से अधिक पार्टनरों के साथ मिलकर काम कर रही है।

# गैंगवार में मोस्ट वांटेड अपराधी ढेर

## खदेड़ कर मारी ताबड़तोड़ गोली



**समस्तीपुर।** समस्तीपुर जहां शहर के पॉश इलाका सोनबरसा मुहल्ले में अपराधियों ने एक बाइक सवार को पीछा करते हुए उसपर करीब 20 राउंड फायरिंग की। अपनी जान बचाने के लिए वह शख्स अपनी बाइक छोड़ कर एक घर के किचन में छुप गया लेकिन अपराधी वहां भी पहुंच गए और उसपर तबतक ताबड़तोड़ गोलियां बरसाते रहे जबतक की उसकी मौत नहीं हो गई।करीब आधे घंटे तक गोलियों की तड़तड़ाहट से आरएनएआर कालेज रोड में लोग खौफजदा बने रहे और इधर उधर भागते रहे। हत्या की वारदात को अंजाम देने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गए। बाद में मृतक की पहचान समस्तीपुर के ही मुसरीघरारी के सुपारी किलर और मोस्ट वांटेड शूटर मनमोहन झा के रूप में हुई है। मनमोहन झा पर एक जिला पार्षद और एक शिक्षक समेत आधा दर्जन हत्या और कई संगीन मामले दर्ज हैं। पुलिस को इस अपराधी की तलाश काफी अरसे से थी लेकिन वह इतना शातिर था कि बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने के बाद गुम हो जाया करता था। जिस घर मे घुसकर अपराधियों ने इस हत्या को अंजाम दिया है उस परिवार में उस वक्त घर की बच्चियां ,महिलाएं और बुजुर्ग भी मौजूद थे। उनके घर की दीवारों पर भी गोलियों के कई निशान मौजूद थे। घटना के पीछे दो आपराधिक गिरोह के बीच वर्चस्व की लड़ाई को ही वजह बताया जा रहा है।खबर के मुताबिक यह भी बताया जा रहा है कि मृतक भी अपने गुर्गों के साथ किसी की हत्या करने ही इस मुहल्ले में आया था लेकिन वह खुद अपने विरोधी गुट के हत्थे चढ़ गया। पुलिस मामले की तहकीकात में जुटी हुई है।

# कुलपति ने किया नये प्रकाशन भवन का उदघाटन

**समस्तीपुर।** डा राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रकाशन प्रभाग के नये भवन का उद्घाटन कुलपति डा रमेश चंद्र श्रीवास्तव ने 10जुलाई को पीती काटकर किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुये उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में काफी लंबे समय से प्रकाशन प्रभाग का काम आउटसोर्सिंग के भरोसे चल रहा था। प्रकाशन प्रभाग के शुरू होने से विश्वविद्यालय के कई जरुरी प्रकाशनों का मुद्रण यहीं से हो सकेगा। उन्होंने कहा कि प्रभाग में एक आटोमेटिक आफसेट मशीन लगाई गई है जिसमें मुद्रण के साथ साथ बाईंडिग भी हो जायेगी। इस अवसर पर डा श्रीवास्तव ने



विश्वविद्यालय के न्यूज लेटर का भी विमोचन किया। न्यूज लेटर मासिक निकाला जायेगा। प्रकाशन प्रभाग के बेहतर कार्य के लिये एक समिति का गठन किया गया है जिसका अध्यक्ष विश्वविद्यालय के पुस्तकालयाध्यक्ष डा राकेश मणि शर्मा को बनाया गया है। डा राकेश मणि शर्मा ने कहा कि कुलपति के निर्देश पर प्रकाशन प्रभाग को बेहतर बनाने के लिये कई ठोस कदम उठाये गये हैं जिससे बाहरी प्रिंटिंग एजेंसियों पर विश्वविद्यालय की निर्भरता कम होगी। इस अवसर पर निदेशक शिक्षा डा एम एन झा, डीन अभियांत्रिकी डा अंबरीष कुमार, डीन बेसिक साइंस डा सोमनाथ राय चौधरी, डीन हार्टीकल्चर डा कृष्ण कुमार समेत कई वैज्ञानिक एवं कर्मचारियों उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन डा गुप्ता त्रिवेदी ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन डा राकेश मणि शर्मा ने किया।

# वित्त रहित शिक्षकों के साथ नाइंसाफी, बनेगा नीतीश कुमार के लिए अभिशाप: प्रोफेसर प्रमोद कुमार



**समस्तीपुर।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और शिक्षा मंत्री कृष्ण नंदन वर्मा के बिहार के वित्त रहित शिक्षकों के साथ बार -बार वादा खिलाफी करने पर समस्तीपुर के वित्त रहित एस.एम.आर.सी.के. महाविद्यालय के व्याख्याता डॉ. प्रमोद कुमार राय ने मुख्यमंत्री को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि बार बार-बार अनुदान के लिए पत्राचार करने पर आश्वासन के अलावा पिछले 5 सालों से अनुदान के नाम पर एक फूटी कौड़ी भी नहीं मिली है करोना जैसी वैश्विक महामारी में भी सरकार के कानों पर वित्त रहित शिक्षकों के मानदेय देने के नाम पर जूं नहीं रेंग रहा है जो इनके वित्त रहित शिक्षकों के प्रति उदासीनता को दिखाता है यह काफी दुखद है आश्वासन के अलावे वित्त रहित शिक्षकों को और कुछ प्राप्त नहीं हुआ। इतनी लंबी अवधि से शिक्षकों को मानदेय की प्राप्ति ना होने से उनके समक्ष भुखमरी की समस्या उत्पन्न हो गई है। बहुत सारे साथी असमय इलाज के अभाव में अपनी जान गवा चुके हैं बावजूद भी सरकार अपने कर्तव्य को भूलकर प्रचार के माध्यम से आम आवाम में सुशासन की छवि बनाने में मशगूल है। अगर जल्द ही सरकार वित्त रहित शिक्षकों के मानदेय भुगतान से संबंधित कोई फैसले नहीं लेती हैं तो इसका परिणाम सरकार के लिए काफी प्रतिकूल होगा।

## समस्तीपुर हलचल

### उत्कृष्ट कार्य करने वाली पुलिस पदाधिकारियों को एसपी ने किया सम्मानित



**समस्तीपुर।** जिले के पुलिस अधीक्षक विकाश वर्मन ने उत्कृष्ट कार्य कार्नवाले छः थाना के पुलिस पदाधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया, वहीं कार्य में लापरवाही अधिकारियों को कार्य प्रणाली में सुधार लाने का सख्त आदेश भी दिया। एसपी शुक्रवार को समाहरणालय के सभाकक्ष में मासिक अपराध बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। वहीं बीती रात मुफस्सिल थाना क्षेत्र में हुई एक हत्या की वारदात को लेकर मुफस्स्लि थानाध्यक्ष को फटकार भी लगाई गयी। आपराधिक घटनाओं के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक ने अपराध पर नियंत्रण को लेकर पुलिस गश्ती में और तेजी लाने का निर्देश दिया। मासिक अपराध बैठक में दलसिंहसराय थानाध्यक्ष प्रवीण मिश्रा, उजियारपुर थानाध्यक्ष शंभू नाथ सिंह, वैनी ओपी प्रभारी नंदकिशोर यादव, पटोरी थानाध्यक्ष मुकेश कुमार, विभूतिपूर थानाध्यक्ष कृष्णचन्द्र भारती एवं बिथान थानाध्यक्ष संतोष कुमार को पुरष्कृत किया गया।

## रामपुर हलचल

### नगर के अनेक मोहल्लो में बीमार एव पागल कुत्तो की है भरमार

**टांडा/रामपुर।** नगर के अनेक मोहल्लो में बीमार एव पागल कुत्तो की है भरमार, कुत्तो के पागलपन होने पर नगर वासियों को काट कर देते है जख्मी कुछ लोग अपना इलाज समय रहते करवा लेते है कुछ को समय से इलाज ना मिलने के कारण मोत का शिकार होना पड़ता है, आवारा एव पागल कुत्तो को पकड़े जाने का अभियान विभाग द्वारा नहीं चलाया जा रहा है। नगर के अन्दर आवारा एव पागल कुत्तो की अनेक मोहल्लो में भरमार है साथ ही खुजली आदि की बीमारी से अधिक्तर कुत्ते बीमार एव पागल दिखाई देते है जिससे मनुष्य में भी बीमारी का प्रकोप बढने का खतरा मण्डराता रहता है तथा एक साथ अपना झुंड बनाकर इधर उधर घूमते नजर आते है बच्चा या बड़े को अकेला देख कुत्ते बुरी तरह उस पर हमला कर देते है जिससे वह जख्मी होकर रह जाते है कुछ गम्भीर जख्मी मरीज समय से अपना इलाज करा लेते है कुछ अन्य मरीजों को समय से इलाज न मिलने के कारण मोत का शिकार हो जाते है भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के मंत्री अब्दुल सलाम ने जिला अधिकारी को पत्र प्रेषित कर शीघ्र अभियान चलाकर कुत्तो की धर पकड़ किये जाने तथा उनको बंधिया इंजन लगवाये जाने की मांग की गई है जिससे अग्रिम समय में कुत्ते जन्म ले सके।

### बहल्ला नदी से बेल गाड़ियों के माध्यम से किया जा रहा अवैध खनन

**रामपुर।** बहल्ला नदी से बेल गाड़ियों के माध्यम से किया जा रहा, अवैध खनन का कार्य; पुलिस एव विभाग की मिली भगत साठ गाठ के चलते बखूबी दिया जा रहा हें अन्जाम, खनन का कार्य करने वालो के होसले बुलंद। नगर से सटी बहल्ला नदी से रातो रात बेल गाड़ियों के माध्यम से पुलिस एवं विभागीय साठ गाठ के चलते अवैध खनन के कार्य करने वालो द्वारा दिया जा रहा है बखूबी अन्जाम कारोबारियों के होसले बुलन्द होते नजर आ रहे है अवैध खनन का कार्य करने वालो को पुलिस द्वारा अपनी पकड़ में ले लिया जाता है बाद में उनसे अपना मामला कर छोड़ दिया जाता है बीच बीच में खनन का कार्य करने वालो द्वारा रोक लगा दी जाती हे मामला बिल्कुल शान्त होने के उपरान्त उसी की तर्ज पर अवैध खनन का कार्य शुरू कर वदिया जाता है पुलिस द्वारा खनन का कार्य करने वालो से दिखावे के तोर पर खनन सम्बंधित दस्तावेज मागे जाते है प्रस्तुत न करने पर साठ गाठ के चलते उनको छोड़ दिया जाता है जबकि खनन का कार्य लगातार जारी रहता है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# Best Honey Face Mask
# जो लाए त्वचा में गजब का निखार



शहद का इस्तेमाल हर घर में किया जाता है। यह सेहत के लिए तो फायदेमंद होता ही है, इसके साथ ही यह त्वचा को निखारने के लिए भी बहुत फायदेमंद है। सभी महिलाएं अपनी स्किन को खूबसूरत बनाने के लिए मंहगे से मंहगे ब्यूटी प्रॉडक्ट्स का इस्तेमाल करती हैं जिससे कई बार नुकसान भी हो जाता है। ऐसे में शहद को फेस पैक के तौर पर यूज करके त्वचा की रंगत को निखारा जा सकता है। आइए जानिए कैसे इसका इस्तेमाल किया जाए।

**1. शहद और नमक**

शहद में नमक मिलाकर इसे चेहरे पर स्क्रब की तरह इस्तेमाल करें और कुछ देर लगाने के बाद चेहरे को पानी से साफ करें। यह मिश्रण त्वचा को मॉइस्चराइज करता है और निखार लाता है। इसके अलावा नमक चेहरे के दाग-धब्बों को साफ करने का काम करता है।

**2. शहद और नींबू**

धूप की वजह से त्वचा पर टैनिंग की समस्या हो जाती है और रूखापन आ जाता है। ऐसे में शहद और नींबू से बने फेस पैक को चेहरे पर लगाने से फायदा होता है। 1 चम्मच शहद में 1 नींबू का रस डालकर मिश्रण तैयार करें और इसे चेहरे पर लगाएं। सूखने के बाद ठंडे पानी से त्वचा को धो लें। नींबू में मौजूद विटामिन सी स्किन में गजब का निखारा लाता है।

**3. शहद, बेसन और हल्दी**

बेसन में हल्दी और पानी डालकर तो चेहरे पर अक्सर लगाया होगा लेकिन इस बार इसमें पानी की जगह शहद मिलाकर त्वचा पर ट्राई करें। इसके लिए 1 बड़े चम्मच बेसन में 1 चम्मच शहद और चुटकी भर हल्दी मिलाकर पेस्ट तैयार करें। इस फेस पैक को पूरे चेहरे पर लगाएं और सूखने के बाद ठंडे पानी से धो लें। हफ्ते में दो बार इस पैक का इस्तेमाल करने से त्वचा की रंगत खिल उठती है।

**4. शहद और सेब का सिरका**

इसके लिए 1 चम्मच सिरका और बराबर मात्रा में शहद लेकर मिक्स करें। अब इसे चेहरे पर अच्छी तरह लगाएं और 15 मिनट के बाद पानी से साफ करें। सेब के सिरके में मौजूद विटामिन सी त्वचा को निखारने और कोमल बनाने में मदद करता है।

**5. शहद और चीनी**

इस फेस पैक को बनाने के लिए 1 चम्मच शहद में 1 चम्मच चीनी का घोल मिलाकर पैक तैयार करें। इस मिश्रण को चेहरे पर लगाएं और अच्छे से मसाज करें। 20 मिनट लगाने के बाद चेहरे को ठंडे पानी से धो लें।

## बाथ साल्ट से नहाने के 5 चौंकाने वाले फायदे

बाथ साल्ट से स्नान करना हमारी सेहत के बहुत फायदेमंद है, क्योंकि इसमें खनिज और मैग्नीशियम प्रचुर मात्रा में शामिल होते हैं। यह हमारे शरीर को तनावमुक्त रखने, अच्छी नींद लेने और ब्लड सर्कुलेशन को सही रखने में मदद करता है। बाथ साल्ट से हमारा मतलब यह नहीं कि आप सच में नमक से स्नान करें। बल्कि यह एक ऐसा मिश्रण है, जिसमें मुख्य रूप से मैग्नीशियम और सल्फर जैसे खनिज होते हैं। इसके कई चिकित्सीय लाभ भी हैं। नहाने के लिए इस्तेमाल होने वाले बाथ साल्ट जैसे कि एपसॉम साल्ट, डेड सी सॉल्ट और हिमालय पिंक सॉल्ट कई तरह की बीमारियों का इलाज करने में मदद करता है। अधिक लाभ के लिए आप नमक से स्नान करने के साथ सुगन्धित तेल का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। आईए जानते हैं एपसॉम नमक हमारे शरीर के लिए क्यों फायदेमंद है।

पढ़े क्या हैं इसके फायदे:-

**- शरीर को रिलेक्स करने में**

एपसॉम नमक का सबसे बड़ा गुण यह है कि इससे शरीर को रिलेक्स करने में मदद मिलती है। इसकी वजह है इसमें मौजूद मैग्नीशियम की प्रचुर मात्रा, जो मांसपेशियों में रक्त परिसंचरण को बढ़ाकर शरीर को रिलेक्स करती है। यह ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ाता है और ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखता है। गर्म पानी और एपसॉम नमक के साथ स्नान करने से मांसपेशियों को दर्द से राहत मिलती है। यही वजह है कि वर्कआउट के बाद इसे जरूरी बताया जाता है।

**- बेहतर डिटॉक्स**

एपसॉम नमक का इस्तेमाल डिटॉक्स उपचार में भी किया जाता है। यह शरीर से विषाक्त पदार्थ(टॉक्सिन) निकालने का बेहतर तरीका है। गर्म पानी, एपसॉम नमक और आपके पसंदीदा सुगन्धित तेल की कुछ बूंदें छिद्रों से टॉक्सिन निकालने में मदद करती है।

**- कोशिकाओं का रखरखाव**

एपसॉम नमक शरीर में एंजाइमिक कार्यों में भी सहायता करता है। शरीर में कोशिकाओं के रखरखाव में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका हैं। यह



कोशिकाओं के भीतर रासायनिक प्रतिक्रियाओं की दर बढ़ाते हैं।

**- कब्ज से राहत**

यह कब्ज से राहत प्रदान करता है। यदि आम भाषा में कहें तो यह यह आंत्र में पानी की मात्रा को बढ़ाता है।

**- हार्मोन रेगुलेटर**

मैग्नेशियम के और भी कई फायदे है। यह अच्छी नींद लेने, दिल की धड़कन व ब्लड शगुर और हार्मोन को नियंत्रित रखने में मददगार है।



## ब्यूटी के लिए महंगे ट्रीटमेंट नहीं, अपनाएं ये सस्ते टिप्स

आए दिन ब्यूटी से जुड़ी छोटी-मोटी परेशानियों का सामना तो हर किसी को करना पड़ता है। धूल-मिट्टी और धूप की वजह से चेहरे पर डलनेस, काले धब्बे, और कील मुंहासे होने शुरू हो जाते हैं जो खूबसूरती के रास्ते में रोड़े का काम करते हैं। इन सबसे पीछा छुड़वाने के लिए लोग फेसवॉश, क्रीम, स्क्रब व अन्य कई ब्यूटी ट्रीटमेंट लेते हैं। खासकर लड़कियां लेकिन अगर आपको इन सबका हल कम पैसों में घर बैठे बिठाए मिले तो बाहर पैसे खर्च करने का क्या फायदा। आज हम आपको असरदार टिप्स बताते हैं जो आपके बहुत काम आएंगे।

**1. स्किन बनेगी ग्लोइंग**

स्किन से जुडी परेशानियों के लिए महंगे ब्यूटी ट्रीटमेंट की बजाए अपनाएं ये होममेड तरीके। जिसके लिए आपको ज्यादा पैसे भी खर्च नहीं करने होंगे।

**गुलाब जल**

एक 100 मि.ली. कीबोतल में पानी के साथ 10-15 गुलाब के फुल की पंखुडियां डालकर 36 घंटे के लिए फ्रिज में रख दें। इसमें 1 बूंद अल्कोहल की डालकर फेस पर लगाएं। इसे नहाने के बाद और रात को सोने से पहले इस्तेमाल करें।

**नींबू**

एक कप गर्म पानी में नींबू के बारीक छिलके डालकर दिन में दो बार पीएं। इससे स्किन डिटॉक्स हो जाती है। चेहरा कमाल का ग्लो करेंगा।

**शहद और दालचीनी**

इन दोनों को मिलाकर पैक तैयार कर लें और इसे 10 मिनट के लिए चेहरे पर लगाएं। चेहरे की नमी बरकरार रहेगी। दाग-धब्बों से छुटकारा भी मिलेगा।

**एप्पल साइडर विनेगर**

पानी में एप्पल साइडर विनेगर की 2 बूंद डालकर कॉटन के साथ चेहरे पर लगाएं। इससे धूप से होने वाली टेनिंग व डेड स्किन दूर हो जाएगी।

**2. झड़ते-गिरते बाल होंगे लंबे और घने**

टूटते,झड़ते और बेजान बालों से परेशान हैं तो घरेलू उपाय अपना कर आप जल्दी इस परेशानी से छुटकारा पा सकते हैं।

**प्याज,लहसून और नींबू**

इन सबका ताजा रस निकाल कर मिक्स कर लें और बालों में लगाएं। इसे 20 मिनट बाद धो लें।

**गाजर और नारियल का दूध**

इन दोनों को मिलाकर बालों पर लगाएं और 20 मिनट बाद धो लें। बाल झड़ने बंद हो जाएंगे।

**एलोवीरा**

एलोवीरा जैल को पानी के साथ मिलाकर 10 मिनट के लिए बालों की जड़ों पर मसाज करें और पानी से धो लें।

**चुकंदर**

पानी में चुकंदर को डालकर 10 मिनट तक उबाल लें और इसे ठंड़ा होने दें। इस पानी से बालों की मसाज करें। आप इसे हफ्ते में 2-3 बार भी इस्तेमाल कर सकते हैं।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## कार्तिक ने कैंसल की चाइनीज प्रॉडक्ट की डील!

**ऐक्टर** कार्तिक आर्यन इस समय कोरोना वायरस के चलते अपने घर पर हैं और अपने परिवार के साथ समय बिता रहे हैं। इसके अलावा वह सोशल मीडिया पर काफी ऐक्टिव हैं और फैंस के लिए अपने से जुड़े अपडेट्स देते रहते हैं। अब खबरें आ रही हैं कि कार्तिक आर्यन ने चाइनीज मोबाइल फोन्स का प्रचार नहीं करने का फैसला किया है। ऐसा कहा जा रहा है कि वह चाइनीज ब्रांड का प्रचार छोड़ने वाले पहले ऐक्टर हो गए हैं। कार्तिक आर्यन चाइनीज मोबाइल फोन ओप्पो के ब्रांड ऐंबैसड थे और इसे प्रमोट करते थे। हालांकि, ऐक्टर ने इस बात की आधिकारिक घोषणा नहीं की है लेकिन हाल ही में उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपने हाथ में ओप्पो की जगह आईफोन लिए हुए तस्वीर शेयर की है। खबर के अनुसार, कार्तिक आर्यन ने भारत और चीन के बीच लगातार बढ़ते विवादों को देखते हुए डील को कैंसल किया है।



## उल्टा पड़ा प्राची का दांव

**कुछ** दिनों पहले फिल्म बोल बच्चन के 8 साल पूरे होने पर अजय देवगन ने एक ट्वीट किया था। इस ट्वीट में उन्होंने अमिताभ बच्चन, अभिषेक बच्चन और रोहित शेट्टी को भी टैग किया था। अजय की ट्वीट में अपना और फिल्म के बाकी स्टार्स का नाम नहीं देखने पर एक्ट्रेस प्राची देसाई ने उनपर तंज कसा। उन्होंने अजय पर निशाना साधते हुए लिखा कि लगता है वे बाकी स्टार्स को मेंशन करना भूल गए। पर लगता है प्राची का यह दांव उल्टा पड़ गया। अजय देवगन के फैंस ने एक्ट्रेस की ही छह साल पुरानी ट्वीट को ढूंढ़ निकाला और उन्हें ट्रोल कर दिया है। दरअसल, छह साल पहले 2014 में प्राची ने एक ट्वीट किया था। यह उनके ट्वीट का दूसरा पार्ट है जिसमें उन्होंने किसी को यह बताया था कि बोल बच्चन 2 साल पहले रिलीज हुई थी। इस ट्वीट में उन्होंने सिर्फ अभिषेक बच्चन का नाम टैग किया था। तो बस यहीं अजय देवगन के फैंस को भी मौका मिल गया और उन्होंने प्राची को ट्रोल करना शुरू कर दिया।





## ...ब्रेक देने के लिए शुक्रिया

**नेपोटिज्म** और आउटसाइडर्स की बहस को लेकर पूजा भट्ट और कंगना रनौत के बीच ट्विटर वॉर देखने को मिली है। पूजा भट्ट ने सिलसिलेवार ट्वीट्स में कहा था कि भट्ट परिवार हमेशा से ही यंग टैलेंट को मौका देता आया है और इस कैंप पर नेपोटिज्म का आरोप लगाना बेबुनियाद है। इसके अलावा उन्होंने ये भी कहा था कंगना रनौत को लॉन्च करने में भट्ट परिवार का बहुत बड़ा हाथ था वही कंगना ने महेश भट्ट पर कई तीखे आरोप लगाए थे। पूजा ने इस मामले में वीडियो शेयर करते हुए कहा था कि वे फैक्ट्स पर बात करना पसंद करती हैं। पूजा के इस वीडियो के बाद कंगना का रिस्पॉन्स भी आया है। टीम कंगना के ऑफिशियल अकाउंट से ये ट्वीट किया गया है। इस ट्वीट में लिखा था– पूजा जी कंगना विशेष फिल्म्स की शुक्रगुजार हैं कि उन्हें लॉन्च किया गया लेकिन वे चाहती हैं कि आउटसाइडर्स को बेहतर तरीके से ट्रीट किया जाए। वे इस बात को लेकर शुक्रगुजार हैं कि उनके एक्स ने उनके साथ ब्रेकअप कर लिया लेकिन काश ये ब्रेकअप रिस्पेक्ट के साथ किया जाता। वे अपने आपको बेहद सौभाग्यशाली मानती हैं कि वे मर्दों द्वारा चलाई जा रही दुनिया में सफलता हासिल करने में कामयाब रही हैं लेकिन वे ये उम्मीद करती हैं कि पेट्रियार्की खत्म हो।